झाँसी पुलिस

प्रेस-नोट

थाना मोंठ-जनपद झाँसी

दिनाँक- 13.11.2026

थाना मोंठ पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री से सम्बन्धित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया तथा उसके कब्जे से 10 ली0 अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए विधिक कार्यवाही की गयी।

घटना का संक्षिप्त विवरण:-

आज दिनांक 13.11.2026 को श्रीमान् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री विकास कुमार के कुशल निर्देशन में व श्रीमान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ0 श्री अरविन्द कुमार व श्रीमान् क्षेत्राधिकारी मोंठ श्री सुनील कुमार शर्मा के निकट पर्यवेक्षण में थाना स्थानीय पर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मोंठ के नेतृत्व में 01 अभियुक्त मलखान शिवहरे उर्फ मुलु पुत्र जयनारायण शिवहरे निवासी मु0 मातनपुरा कस्बा व थाना मोठ जिला झाँसी उम्र करीब 48 वर्ष को रविन्द्र यादव के घर के सामने जौरा कट सर्विस रोड के किनारे थाना मोंठ जिला झांसी से एक प्लास्टिक की बोरी में प्लास्टिक की पैकेट में करीब 10 ली0 अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुध्द थाना मोठ पर मु0अ0सं0 207/26 धारा 60 आब0 अधि0 पंजीकृत कर नियमानुसार कार्यवाही की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता:-

मलखान शिवहरे उर्फ मुलु पुत्र जयनारायण शिवहरे निवासी मु0 मातनपुरा कस्बा व थाना मोठ जिला झाँसी उम्र करीब 48 वर्ष

बरामदगी का विवरण -

प्लास्टिक की पैकेट में करीब 10 लीटर अवैध कच्ची शराब

गिरफ्तार करने वाली टीम:-

1.उ0नि0 रजनीकांत सिंह थाना मोठ जिला झाँसी
2.का0 1430 उत्तम कुमार दीक्षित थाना मोठ जिला झाँसी
3.का0 337 राहुल सिंह थाना मोठ जिला झाँसी